अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग,पूर्व बिहार अंचल,भागलपुर।

E-mail.- sercdebcbgp2@gmail.com

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–03.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, बांका के अन्तर्गत विभिन्न पथों का भौतिक स्थल निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निदेश दिये गयेः–

उपस्थित पदाधिकारी :–

(1) श्री राजेन्द्र कुमार राय, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(2) श्री अखिल कुमार, सहायक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

(3) श्री सुमन सौरभ, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, कटोरिया, पथ प्रमंडल, बांका

(1) <u>अमरपुर बाई–पास पथ</u> - यह पथ SH-25 के कि0मी0 19वाँ (कुल्हड़िया बाजार) से प्रारंभ होकर ग्रीन फील्ड एवं कुछ ग्रामीण कार्य विभाग के पथ से होते हुए SH-85 के कि0मी0 25वाँ (चपरी मोड़) में मिलती है। पुनः यह पथ SH-85 के कि0मी0 28वाँ (दीघी पोखर) से होते हुए SH-25 के कि0मी0 26वाँ (सियुरी मोड़) में मिलती है। इस पथ की कुल लंबाई 7.052 Km है। इस कार्य से संबंधित विवरण निम्नवत् है :–

(i) कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति :– रु0 7424.24 लाख (मुख्य शीर्ष 5054 सात निश्चय–2)
(ii) तकनीकी स्वीकृति :– रु0 6707.05 लाख
(iii) कार्य प्रारम्भ की तिथि :– 19-12-2023
(iv) कार्य समाप्ति की तिथि :– 18-12-2025
(v) एकरारनामा संख्या :– 09/SBD of 2023-24 Dt.-19-12-2023
(vi) एकरारनामित राशि :– परिमाण विपत्र राशि से 10% कम अर्थात् रु0 46,66,25,258.00

यह बाई–पास का निर्माण संवेदक Sincon Infrastructure Pvt. Ltd., Patna के द्वारा कराया जा रहा है। वर्त्तमान में संवेदक के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संवेदक के Plant पर कोई भी आदमी नहीं पाया गया एवं Plant के बाहर गेट पर ताला लगा हुआ पाया गया। कार्य प्रारंभ होने की तिथि से लगभग 1.5 वर्ष बीत चुका है। पथ के कुल लंबाई 7.052 कि0मी0 में से लगभग 4 कि0मी0 में भू–अर्जन का कार्य किया जाना है, जो प्रक्रियाधीन है। शेष बचे हुए लंबाई में अतिक्रमणमुक्त कराने के बावजूद संवेदक के द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका को निर्देश दिया गया कि अतिक्रमणमुक्त कराये गये स्थानों पर संवेदक से वार्ता कर शीघ्र प्रारंभ करना सुनिश्चित करें जिससे कि पुनः अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न ना हो।

(2) <u>सुल्तानगंज–तारापुर–बेलहर–कटोरिया--दर्दमारा पथ</u> (Km 0.00 to Km 98.865) (SH-22) - सुल्तानगंज–तारापुर–बेलहर–कटोरिया–दर्दमारा पथ सुल्तानगंज, भागलपुर से प्रारंभ होकर दर्दमारा (झारखण्ड बोर्डर) जाती है, जिसमें कि0मी0 40.00 से 98.865 कि0मी0 तक का पथांश पथ प्रमंडल, बांका अन्तर्गत है। यह पथ वर्त्तमान में किसी योजना

अन्तर्गत नहीं है। श्रावणी मेला के समय सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं का काफी आवागमन लगा रहता है। वर्त्तमान में पथ के कई कि0मी0 में छोटे–ब पोट्स उभर आये है, जिसकी मरम्मति आगामी श्रावणी को देखते हुए कराना अतिआवश्यक है। निरीक्षण के दौरान संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया कि पथ मरम्मति हेतु आवश्यकतानुसार प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि श्रावणी मेला को देखते हुए ससमय पथ को Potless किया जा सके।

(3) <u>भागलपुर–अमरपुर–बांका भाया कजरैली पथ</u> (Km 0.00 भागलपुर to Km 44.30 कजरैली) (SH-25)- भागलपुर–अमरपुर–बांका भाया कजरैली पथ का आरंभ भागलपुर कि0मी0 0.00 से होकर बांका कि0मी0 44.30 तक समाप्त होती है, जिसमें कि0मी0 0.00 से 16.00 कजरैली तक पथ प्रमंडल, भागलपुर अन्तर्गत है तथा 16.00 से 44.30 तक पथ प्रमंडल, बांका अन्तर्गत है। प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर पथ के कि0मी0 38.00 समुखिया मोड़ से 44.30 कि0मी0 गांधी चौक, बांका तक पथ मरम्मति का कार्य कराया गया था। वर्त्तमान में कि0मी0 16.00 से 38.00 तक पथ में कई छोटे–बड़े गड्ढे उभर आये है, जिसकी तत्काल मरम्मति कराना अतिआवश्यक है। निरीक्षण के दौरान संबंधित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया कि पथ मरम्मति हेतु आवश्यकतानुसार प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करना सुनिश्चित करें।

08/5/25

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

ज्ञापांक:– 569 भागलपुर / दिनांक:– 08.05.2025

प्रतिलिपि:– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि निरीक्षण के क्रम में दिये गये निदेश के अनुपालन प्रतिवेदन प्रत्येक सप्ताह अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

08/5/25

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

ज्ञापांक:– 569 भागलपुर / दिनांक:– 08.05.2025

प्रतिलिपि:– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

08/5/25

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर

ज्ञापांक:– 569 भागलपुर / दिनांक:– 08.05.2025

प्रतिलिपि:– सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

08/5/25

अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर